दैनिक जागरण 30/03/2024

जिम्नास्टिक में जीएमएन कालेज के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

विजेताओं के साथ जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के खिलाड़ियों ने आर्टिस्टिक जिमनास्टिक में दमदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जीएनडीयू) में आयोजित जिमनास्टिक पुरुष महिला आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की ओर से भाग लिया और पुरुष वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसमें जीएमएन कालेज के दो विद्यार्थियों जितेंद्र चावलाव सुरनीत ने भाग लिया। जितेंद्र चावला ने इंडिविजुअल ब्रांज मेडल हाई बार में प्राप्त किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने के लिए वचनबद्ध है। प्रोफेसर बृजेश गुप्ता व रुपाली ने विजेता खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।